मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-268
21/05/2020

मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की, मुख्यमंत्री के निर्देश

- पल्स पोलियो अभियान की तर्ज पर ही सभी प्रवासी मजदूरों की डोर टू डोर विस्तृत स्क्रीनिंग करायी जाय ताकि कोरोना से संबंधित कोई लक्षण हो तो तुरंत उसकी पहचान हो सके, इसके लिये उपयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इससे सभी की सुरक्षा हो सकेगी।

- स्क्रीनिंग की यह प्रक्रिया लगातार जारी रखी जाय। एक अंतराल के बाद पुनः स्क्रीनिंग करायी जाय और इसका फॉलोअप भी किया जाय ताकि कोई प्रवासी मजदूर स्क्रीनिंग से न छूटे और संक्रमण की ससमय पहचान कर कोरोना चेन को तोड़ा जा सके।

- कोरोना संक्रमण की जॉच एवं बचाव से संबंधित जो भी उपकरण प्राप्त हुये हैं या शीघ्र प्राप्त होने वाले हैं, उन्हें फंक्शनल करने हेतु तुरंत कार्रवाई की जाय। प्राप्त नये उपकरणों के माध्यम से टेस्टिंग में और तेजी लायी जाय। सभी जिलों एवं चिन्हित स्वास्थ्य संस्थानों में टेस्टिंग तेजी से शुरू की जाय। इसके लिये प्रोटोकॉल के अनुसार तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

- स्वास्थ्य विभाग हरसंभव स्रोत से वेंटिलेटर, टेस्टिंग किट, पी0पी0ई0 किट, दवाओं एवं जरूरी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करे ताकि आवश्यकतानुसार समुचित उपयोग हो सके, इसके लिये राशि की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। कोविड–19 संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रोटोकॉल तैयार रखा जाय ताकि आवश्यकतानुसार इसे तुरंत कार्यान्वित किया जा सके।

- रोजगार उपलब्ध कराने हेतु बनाया गया राज्यस्तरीय टास्क फोर्स अविलम्ब कार्य शुरू करे। टास्क फोर्स वर्तमान नीतियों में यदि कोई

संशोधन आवश्यक समझे तो इसके लिये शॉट टर्म पॉलिसी/मिड टर्म पॉलिसी के संबंध में सुझाव दे।

- टास्क फोर्स प्रवासी मजदूरों के लिये श्रम नीति तैयार करने के संबंध में शीघ्र सुझाव दे। साथ ही नई इकाईयों की स्थापना हेतु क्या इनसेंटिव दिये जा सकते हैं, इसके बारे में प्रवासी मजदूरों के फीडबैक के आधार पर भी टास्क फोर्स समुचित सुझाव दे।

- कार्यरत इकाईयों में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके, इसके लिये भी टास्क फोर्स शीघ्र सुझाव दे।

- कोरोना संक्रमण की गंभीरता को समझना होगा, लोग धैर्य बनाये रखें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। हमलोग सभी के हित में सोचते हैं। सरकार द्वारा लोगों की हरसंभव मदद की जा रही है। लोगों के सहयोग से ही हम सब इस महामारी से निपटने में सफल होंगे।

पटना, 21 मई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों की मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पल्स पोलियो अभियान की तर्ज पर ही सभी प्रवासी मजदूरों की डोर टू डोर विस्तृत स्क्रीनिंग करायी जाय ताकि कोरोना से संबंधित कोई लक्षण हो तो तुरंत उसकी पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिये उपयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाय, इससे सभी की सुरक्षा हो सकेगी। उन्होंने कहा कि स्क्रीनिंग की यह प्रक्रिया लगातार जारी रखी जाय। एक अंतराल के बाद पुनः स्क्रीनिंग करायी जाय और इसका फॉलोअप भी किया जाय ताकि कोई प्रवासी मजदूर स्क्रीनिंग से न छूटे और संक्रमण की ससमय पहचान कर कोरोना चेन को तोड़ा जा सके।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कोरोना संक्रमण की जॉच एवं बचाव से संबंधित जो भी उपकरण प्राप्त हुये हैं या शीघ्र प्राप्त होने वाले हैं, उन्हें फंक्शनल करने हेतु तुरंत कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि प्राप्त नये उपकरणों के माध्यम से टेस्टिंग में और तेजी लायी जाय। सभी जिलों एवं चिन्हित स्वास्थ्य संस्थानों में टेस्टिंग तेजी से शुरू की जाय। इसके लिये प्रोटोकॉल के अनुसार तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग हरसंभव स्रोत से वेंटिलेटर, टेस्टिंग किट, पी0पी0ई0 किट, दवाओं एवं जरूरी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करे ताकि आवश्यकतानुसार समुचित उपयोग हो सके, इसके लिये राशि की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। कोविड–19 संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रोटोकॉल तैयार रखा जाय ताकि आवश्यकतानुसार इसे तुरंत कार्यान्वित किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार उपलब्ध कराने हेतु बनाया गया राज्यस्तरीय टास्क फोर्स अविलम्ब कार्य शुरू करे। टास्क फोर्स वर्तमान नीतियों में यदि कोई संशोधन आवश्यक समझे तो इसके लिये शॉट टर्म पॉलिसी/मिड टर्म पॉलिसी के संबंध में सुझाव दे। उन्होंने कहा कि टास्क फोर्स प्रवासी मजदूरों के लिये श्रम नीति तैयार करने के संबंध में शीघ्र सुझाव दे। उन्होंने कहा

कि नई इकाईयों की स्थापना हेतु क्या इनसेंटिव दिये जा सकते हैं, इसके बारे में टास्क फोर्स प्रवासी मजदूरों से फीडबैक प्राप्त करे और उसके आधार पर समुचित सुझाव दे। उन्होंने कहा कि कार्यरत इकाईयों में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके, इस संबंध में भी टास्क फोर्स शीघ्र सुझाव दे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की गंभीरता को समझना होगा, लोग धैर्य बनाये रखें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। हमलोग सभी के हित में सोचते हैं। सरकार द्वारा लोगों की हरसंभव मदद की जा रही है। लोगों के सहयोग से ही हम सब इस महामारी से निपटने में सफल होंगे।

******